
## पाठ 18

# आओ साथी वृक्ष लगाएँ


आओ साथी, वृक्ष लगाएँ,
सूखी धरती हरी बनाएँ।
वृक्ष हमारे जीवन दाता,
यही हमारे भाग्य विधाता,
वृक्षों से वर्षा आती है,
वृक्षों पर बदली छाती है,
उजड़े उपवन पुनः सजाएँ।
आओ साथी वृक्ष लगाएँ ॥ 1 ॥

वृक्षों ने पशुओं को पाला,
वृक्षों ने ईंधन दे डाला,
औषध का भंडार वृक्ष हैं,
ममता का आगार वृक्ष हैं,
बीच-बीच में फूल उगाएँ।
आओ साथी वृक्ष लगाएँ ॥ 2 ॥



### शिक्षण संकेत

- शिक्षक कविता का हाव-भाव, लय के साथ वाचन करें व छात्रों से कराएँ
- बच्चों से जन्मदिन पर स्कूल में एक पौधा लगवाएँ और उसकी देखभाल करने के लिए प्रेरित करें।
- पहाड़,नदी, सूर्य, वन आदि से हमें क्या-क्या मिलता है, इसकी चर्चा करें।
- धरती और पेड़ों के प्रति हमारे क्या कर्त्तव्य हैं? बच्चों को इसकी जानकारी दें।
- तुकान्त शब्दों का अभ्यास करवाएँ।



शीतल वृक्षों की हरियाली,
वृक्षों से सब की खुशहाली,
मन को खुश करती हरियाली
खुशियों को भरती हरियाली,
वन-प्रांतर को सुखद बनाएँ।
आओ साथी वृक्ष लगाएँ ॥3॥

▸ सुरेशकांत

## नए शब्द

**जीवनदाता** = जीवन या जिन्दगी देने वाला। **भाग्य विधाता** = किस्मत या भाग्य बनाने वाले। **उपवन** = बगीचा। **पुन:** = फिर, दुबारा। **औषध** = दवा। **भंडार** = खजाना। **ममता** = माँ का प्रेम या प्यार, लगाव। **आगार** = स्थान, जगह, खजाना। **प्रांतर** = वन। **ईंधन** = जलाने की लकड़ी/जलावन। **शीतल** = ठंडा।

## अनुभव विस्तार

### कविता से खोजो-

**(क) सही जोड़ी बनाइए-**

| | | |
|---|---|---|
| औषध का | – | प्रांतर को सुखद बनाएँ। |
| ममता का | – | हरियाली |
| शीतल वृक्षों की | – | भण्डार वृक्ष हैं |
| वन | – | आगार वृक्ष हैं |

**(ख) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

1. वृक्षों से ........................ आती है।
2. उजड़े ........................... पुनः सजाएँ।
3. वृक्षों ने .......................... को पाला।
4. वृक्षों से सबकी........................ ।

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न-

**निर्देश- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए-**

1. सूखी धरती को हरी बनाने के लिए हमें क्या करना चाहिए?
2. बरसात के लिए वृक्ष क्यों जरूरी है?
3. वृक्ष को किस का भंडार कहा गया है?
4. अपने परिवेश में पाए जाने वाले कुछ वृक्षों के नाम लिखिए।

## लघु उत्तरीय प्रश्न-

1. वृक्षों की उपयोगिता बताइए।
2. वृक्षों की देखभाल के लिए आप क्या करेंगे?
3. 'उजड़े उपवन पुनः सजाएँ' पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।
4. वृक्ष को ममता का आगार क्यों कहा गया है?



## भाषा की बात

**प्रश्न-1 निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची लिखिए-**

वन -.................. वृक्ष -..................

आगार -.................. बादल -..................

फूल -.................. धरती -..................

**प्रश्न-2 निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए-**

जीवन-.................. सुखद-..................

भाग्य -.................. उजड़ा-..................

## इसे भी जानें-

**नीचे लिखी पंक्तियाँ ध्यान से पढ़िए-**

आओ साथी वृक्ष लगाएँ

सूखी धरती हरी बनाएँ।

इन पक्तियों के अन्त में रेखांकित ऐसे शब्द आए हैं, जिनकी अन्तिम ध्वनियाँ समान हैं। जैसे- लगाएँ और बनाएँ

इनमें अन्तिम ध्वनि 'आएँ' दोनों शब्दों में आई है। कविता में आए अन्य तुकान्त शब्दों को छाँटकर लिखिए।

| | | |
|---|---|---|
| जैसे- | जीवनदाता | भाग्यविधाता |
| | .................... | .................... |
| | .................... | .................... |
| | .................... | .................... |
| | .................... | .................... |



## अब करने की बारी

1. वृक्षों से संबंधित अन्य कविताएँ खोजिए तथा कठस्थ कर कक्षा में सुनाइए।
2. वृक्ष हमें कौन-कौन सी वस्तुएँ देते हैं? सूची बनाइए।
3. विभिन्न वृक्षों के चित्र एकत्रित कर एलबम बनाइए।
4. विभिन्न वृक्षों व पौधों की सूखी पत्तियों को एकत्रित कर उन्हें शीट पर चिपकाएँ, तथा उस वृक्ष का नाम लिखें जिस वृक्ष या पौधे की वह पत्ती हो।
5. सूखी पत्तियों को इस ढंग से चिपकाइए कि कोई सुन्दर सी कलाकृति बन जाए।

—— 0 ——